लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मीडिया की भूमिका निर्णायक : केशव प्रसाद मौर्य

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय सम्मेलन को उप मुख्यमंत्री ने किया संबोधित ,एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 7 जून । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आगरा में आयोजित नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे) के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की प्राणवायु है और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी पूर्ण है। लोकतंत्र तभी सशक्त और जीवंत रह सकता है जब उसके सभी स्तंभ अपनी-अपनी भूमिका का निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ निर्वहन करें।

कार्यक्रम का शुभारम्भ उप मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उप मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में उपस्थित देश के विभिन्न राज्यों से आए पत्रकारों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि पत्रकार दिन-रात समाज को जागरूक करने, जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।

श्री मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की कलम में अपार शक्ति होती है। यदि सरकार जनहित के

अधिवेशन का शुभारंभ करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य,भगवान श्री कामतानाथ का चित्र भेंट कर स्वागत करते वरिष्ठ पत्रकार रतन पटेल आदि।

कार्यों में कहीं कमी छोड़ती है तो पत्रकार उसे सामने लाने का अधिकार रखते हैं और यदि कोई अच्छा कार्य होता है तो उसे जनता तक पहुंचाने में भी मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। श्री मौर्य ने कहा कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति के नए अवसर प्रदान किए हैं, लेकिन इसके साथ-साथ जिम्मेदारी भी बढ़ी है। पत्रकारिता को तथ्यों, निष्पक्षता और राष्ट्रहित के मूल्यों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों की समर्थक है तथा पत्रकारों से जुड़े विषयों और समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इन्जन की सरकार सुशासन, विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने पत्रकारों से लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी रचनात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी के साथ चित्रकूट टीम के प्रभारी रतन पटेल ,शंकर यादव, ऋषि कुमार आर्या ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को भगवान कामतानाथ का चित्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप तिवारी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री व कार्यक्रम संयोजक प्रमोद गोस्वामी,प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे प्रदेश महामंत्री द्विजेंद्र शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी, लखनऊ अध्यक्ष आशीष मौर्य, मनोज मिठा, चित्रकूट जिला प्रभारी रतन पटेल ,शंकर प्रसाद यादव, ऋषि कुमार आर्या व संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी , उपस्थिति रही।

दहेज हत्या की महिला आरोपी सहित दो गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 7 जून । पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर अजीत कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में उ0नि0 हरी सिंह व उनकी टीम ने एक महिला आरोपी व एक आरोपी को गिरफ्तार किया ।

संक्षिप्त विवरण-वादी वासदेव यादव निवासी वीर धुमाई सुर्की थाना सरधुवा द्वारा थाना सरधुवा पर सूचना दी कि उनकी पुत्री निर्मल की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व मानिकपुर थाना की सरैया चैकी की ग्राम पंचायत गढचपा के मजरे कबरा में भोला यादव पुत्र कंधई यादव के तीसरे लडके विनय कुमार यादव से की थी। दामाद विनय कुमार द्वारा उनकी पुत्री से आए दिन दहेज की मांग की जाती थी दामाद विनय आए दिन भाभी के साथ मिलकर मारता पीटता था। इसी से प्रताडित होकर उनकी पुत्री ने फाँसी लगा ली।

इस सूचना पर थाना मानिकपुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।थाना मानिकपुर पुलिस टीम द्वारा आरोपी विनय कुमार पुत्र भोला प्रसाद यादव नि0 कबरा पुरवा छेरिहाई थाना मानिकपुर व महिला आरोपी मनीषा देवी पत्नी बाबूलाल यादव नि0 कबरा पुरवा छेरिहाई थाना मानिकपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में रि0म0का0 भारती यादव, रि0का0 अभिषेक यादव, चालक का0 शरद कुमार सिंह ष्मिल रहे।

कांग्रेस करसरा मंडलम की हुई संगठनात्मक बैठक

नवभारत न्यूज

कोठी 7 जून। आज दिनांक 07/06/2026 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सतना के सोहावल ब्लॉक अंतर्गत करसरा मंडलम के नेतृत्व में एक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक संगठन प्रभारी धीरेंद्र मिश्रा राहुल ,राहुल मिश्रा , पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा , ब्लॉक अध्यक्ष सोहावल राममणि शुक्ला , पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण सिंह एवं पूर्व विधानसभा प्रभारी सुहिद तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आलोक शर्मा, यतेंद्र डोहर , कंछेदी कुशवाहा , सूर्य प्रकाश पांडे , विनोद पाण्डेय , देव शरण पाण्डेय , जवाहरलाल कुशवाहा , शिवकुमार कोल , रामकुशल पाण्डेय, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी , राघवेन्द्र परौहा, विनीत सिंह , भूपेंद्र उर्मिला , रामाधार त्रिपाठी , संजय सिंह , अरविंद सिंह , राजेन्द्र सिंह (इटमा), पंचम लाल तिवारी , प्रदीप पांडे , गोकरण पाण्डेय , संतोष मिश्रा, राम नारायण नामदेव, सतीश शुक्ला , नागेंद्र सिंह बघेल, राजेंद्र प्रसाद एवं रोहित मिश्रा सहित अनेक कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

चित्रकूट। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय में पर्यावरण जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो सूर्य कांत चतुर्वेदीए अधिष्ठाता विज्ञान और पर्यावरण संकाय ने की। इस मौके पर प्राध्यापकों और शोधार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण स्वच्छ जीवनशैली तथा मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के परस्पर संबंधों पर प्रकाश डाला।

लायंस क्लब उद्धव कोटर ने किया वृक्षारोपण, बांटे 50 पौधे

विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजन

नवभारत न्यूज

कोटर 7 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लायंस क्लब उद्धव कोटर द्वारा स्प्रिंग डेल अकादमी में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार कोटर मणिराज बागरी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सर्वेश सिंह तथा कौशलेंद्र पाण्डेय रहे।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। भीमसेन जी ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया, जबकि डॉ. रमेश मिश्रा ने जल संरक्षण और वृक्षारोपण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि वृक्षों से ही ऑक्सीजन और जल का संतुलन बना रहता है तथा इनके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष रामाश्रय सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर जिला पर्यावरण वाहिनी के पूर्व सदस्य नरेन्द्र पाण्डेय, कोटर मंडल उपाध्यक्ष सुनील त्रिपाठी, संजय तिवारी, शिवम द्विवेदी, विनोद तिवारी तथा विद्यालय संचालक अरुणेश पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मणिराज बागरी एवं डॉ. सर्वेश सिंह ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। क्लब अध्यक्ष सव्यसाची मिश्रा एवं पीआरओ विपिन शर्मा ने आंवला एवं सागौन के लगभग 50 पौधे किसानों और नागरिकों को वितरित किए तथा उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया।

एक नजर में

कोठी में हुई ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक

कोठी। ब्लॉक कांग्रेस कोठी की संगठनात्मक बैठक दीन सहायक संस्था कोठी में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में बीएलओ - 2 सत्यापन और मतदाता सूची सत्यापन , आगामी चुनावों की तैयारियों और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया ।बैठक में विनय सिंह %गुड्डा% ब्लॉक अध्यक्ष ने अध्यक्षता करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। अमर गुप्ता नगर कांग्रेस अध्यक्ष शहरी क्षेत्रों में मतदाता सूची के शुद्धिकरण का रोडमैप साझा किया। उमाशंकर पांडे (पवैया मंडलम अध्यक्ष) ब्रजेश कुशवाहा (रनेही मंडलम अध्यक्ष) आशीष सिंह (बरहना मंडलम अध्यक्ष) उपस्थित रहे।

पानी का संकट से मचा हाहाकार हैंडपंप सुधार कार्य कराया जाए :रामशंकर

रामपुर बाघेलान। क्षेत्र के अंतर्गत सैकड़ों हैंडपंप बिगड़े हुए हैं वाटर लेवल

नीचे होने के कारण पाइप की कमी है राइजर पाइप डाले जाए कई जगह लीकेज हैं कई जगह हैंडल खराब है कई जगह पंप खराब है पानी नीचे होने के कारण बहुत जगह मोटर पंप डालने की आवश्यकता है यह मांग रामशंकर पयासी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामपुर बाघेलान ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि बिगड़े हुए हैंडपंप तत्काल बनवाए जाएं और जहां पाइप की कमी है वहां राइजर पाइप डाले जाएं जहां वाटर लेवल बहुत डाउन है वहां मोटर वाहन लगाया जाए ।रामपुर के दक्षिणी भाग में पानी का बहुत ही संकट है वाहन मोटर डालनी पड़ेगी श्री पयासी ने जिला कलेक्टर से मांग किया है सात दिवस के अंदर तत्काल हैंडपंप बनवाया जाए और मोटर डाली जाएं।यदि सात दिवस के अंदर कार्य नहीं कराएगा तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी और इसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

सांदीपनि विद्यालय रामनगर में मां के नाम लगाया गया पौधरोपण

रामनगर । मैहर जिले के रामनगर के सांदीपनि विद्यालय में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत प्राचार्य सुग्रीव सिंह बिसेन एवं शिक्षकों ने एक-एक पेड़ गोद में लेकर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक डॉ वासुदेव तिवारी, रामचरण साहू ,उमेश कुमार पटेल ,रूपेश नामदेव ,उमेश कुमार कॉल ,रकीमुद्दीन सिद्दीकी ,देवेंद्र बहादुर सिंह ,अनिल कुमार चतुर्वेदी ,श्रीमती रश्मि मिश्रा ,लाल बहादुर सिंह, सुधीर सिंह, त्रंबकेश्वर मिश्रा, राजा पाण्डेय आदि उपास्थित रहे।

मांगों को लेकर ब्लाक कांग्रेस आज ज्ञापन सौंपेगी

कोटर । दिनांक 8 जून 2026 दिन सोमवार को दोपहर तीन बजे क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर द्वारा तहसीलदार कोटर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने बताया कि ज्ञापन में प्रदेश सरकार द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण के नए नियमों का विरोध , पेट्रोलियम पदार्थों एवं गैस के बढ़ते मूल्यों पर चिंता ,किसानों को खाद मिलने में हो रही समस्याएं, किसानों को किसान आईडी बनवाने में आ रही दिक्कतें, क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मरों के बदलवाने, ट्रांसफार्मरों में केवल लगवाने, बरसात से पूर्व विद्युत लाइनों के रखरखाव एवं उनमें सुधार कार्य, सतना सेमरिया मार्ग की स्थिति का सुधार, गांव गांव अवैध शराब एवं मेडिकल नशा की बिक्री को बंद कराने क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने, मैदानी अमला को मुख्यालय में निवासरत रहने एवं क्षेत्र की अन्य जनसमस्याओं का निराकरण कराने पार्टी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर जन हित की इस मुहिम को सफल बनाए।

विद्यार्थियों ने नशामुक्ति का लिया संकल्प

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान भवन में आयोजन

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 7 जून। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रोण् नंदलाल मिश्र ने की ।विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के अधिष्ठाता प्रोण् सूर्यकांत चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि रहे ।इस अवसर पर प्रोण् नंदलाल मिश्र एवं आयुर्वेद विभागाध्यक्ष डॉण् राकेश कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को नशे के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने नशामुक्त जीवन जीने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया ।कार्यक्रम का संचालन प्रोण् अनिल कुमार अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन डॉण् रवि चौरे ने किया।

`पुरुषोत्तम मास में मनाए जा रहे साल भर के त्योहार

उर्मिला दास अखाड़ा बाल्हा में आयोजन

नवभारत न्यूज

बिरसिंहपुर 7 जून। सिद्ध आश्रम बाल्हा उर्मिला दास महाराज के अखाड़े में 18 मई से 1 माह पूरे 18 जून 2026 तक विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।

चित्रकूट क्षेत्र के जैतवारा बिरसिंहपुर के निकट नयागांव पंचायत के बाल्हा गांव में स्थित स्वामी संत उर्मिला दास महाराज की समाधि अखाड़ा में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर अनोखा धार्मिक आयोजन चल रहा है. इस दौरान पूरे एक महीने में साल भर के प्रमुख त्योहार जैसे श्री राम कथा, शिव महापुराण ,विष्णु महापुराण, श्री राम जय राम जय जय राम की अनवरत दिन-रात अखंड कीर्तन गायन के साथ जैसे पर्व विधि-विधान से मनाए जा रहे हैं। भगवान के शीतल श्रृंगार और विशेष अनुष्ठानों के साथ भक्ति का अद्भुत वातावरण बना हुआ है।श्रद्धालुओं के अनुसार इस आयोजन में उन्हें पूरे वर्ष के त्योहारों का आध्यात्मिक लाभ एक ही माह में प्राप्त हो रहा हैं ।स्वामी गुरु महाराज अवध नारायण दास जी महाराज कृपालपुर सतना जी के स्वयं नेतृत्व में यह सभी धार्मिक अनुष्ठान इस धार्मिक स्थल में आयोजित किया जा रहे हैं जहां उन्होंने सभी भक्तों से अपील करते हुए कहा है कि सभी भक्त सभी शिष्य जान इस धार्मिक अनुष्ठान में पहुंचकर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

कृषि विज्ञान केंद्र में कृषकों को दिया जा रहा ग्रामीण कौशल विकास प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

मझगवां 7 जून। दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां में 25 दिवसीय ग्रामीण कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है?।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ नवीन कुमार शर्मा ने बताया की ग्रामीण युवाओं और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां एवं आत्मा परियोजना सतना के संयुक्त तत्वाधान में 25 दिवसीय ग्रामीण कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 20 मई 2026 से 13 जून 2026 तक निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सतना एवं मैहर जिले के 8 विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के प्रगतिशील किसान और ग्रामीण युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण प्रभारी वैज्ञानिक श्री पंकज शर्मा एवं श्री पुष्पेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया की 25 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में कृषि क्षेत्र से जुड़े अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक और सैद्धांतिक जानकारी दी जा रही है।

गड्ढों में तब्दील हुआ शिवरामपुर कस्बे का राष्ट्रीय राजमार्ग

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 7 जून। जनपद के शिवरामपुर कस्बे से होकर गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गया है।

मुख्य मार्ग की सड़क कई स्थानों पर उखड़ जाने और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के कारण आए दिन लोग धायल हो रहे हैं, जबकि किसी भी समय बड़ा सड़क हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शिवरामपुर कस्बे के मुख्य मार्ग पर सड़क की परत उखड़ चुकी है, जिससे जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अचानक गड्ढों में वाहन जाने से लोग संतुलन खोकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं। रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि गड्ढे स्पष्ट दिखाई नहीं देते।

बताया जाता है कि इस मार्ग से जिले के उच्च अधिकारियों का दिन-रात आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत को लेकर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। गौरतलब है कि धार्मिक और पर्यटन नगरी चित्रकूट में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। शिवरामपुर कस्बा चित्रकूट आने-जाने का प्रमुख मार्ग होने के कारण इस सड़क पर वाहनों का दबाव भी अधिक रहता है।

जीआरपी पुलिस ने गुम मोबाइल फोन बरामद कर महिला यात्री को किया सुपुर्द

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 7 जून। पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झाँसी विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनुभाग झाँसी सलीम खान के निकट पर्यवेक्षण में रेलवे स्टेशन चित्रकूटधाम कर्वी पर यात्रियों एवं यात्रियों के सामान के सुरक्षा अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया के कुशल नेतृत्व में महिला यात्री श्रीमती सन्तोषी पत्नी नरेन्द्र कुमार उम्र करीब 37 वर्ष निवासी औंधा थाना बिधनू जनपद कानपुर नगर उ0प्र0 ने उपस्थित थाना आकर अवगत कराया कि मेरा मोबाइल फोन रेडमी 12 5जी रेलवे स्टेशन चित्रकूटधाम कर्वी के प्रतीक्षालय में छूट गया है।

पुलिस ने गहन पैरवी कर आरोपी को न्यायालय से दिलवाई 3 साल की सजा

चित्रकूट, 7 जून । पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर अजीत कुमार पाण्डेय एवं पैरोकार मुख्य आरक्षी अजय कुमार, प्रभारी मानिटरिंग सेल प्रभुनाथ यादव उनकी टीम द्वारा की गयी।

In The Court Of I Civil Judge Junior Division, Civil Court Rampur, Baghelan, Distt. Satna
Presiding Officer: श्री प्रशांत मर्सकोले
MJC R/10/2025

मनोज सिंह
Vs
इन्द्रभान सिंह

Process Id-1517 /2026
पेशी दिनांक -21/07/2026

प्रेषिती-
(1) हेमराज सिंह पिता बृजलाल सिंह, (2) हर्ष सिंह पिता हेमराज सिंह, (3) नारेन्द्र सिंह पिता स्व.बृजलाल सिंह तीनों निवासी हरदी पोस्ट त्योंधरी तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र.

यह कि प्रार्थी मनोज सिंह ने वाद पत्र दावा वास्ते स्वत्व घोषणा तथा स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के नियत पेशी दिनांक 21-07-2026 के पूर्व वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्त दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें .

न्यायालय की मुद्रा

यह आज तारीख 18-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
(प्रशांत मर्सकोले)
प्रथम व्यव.कनिष्ठ खण्ड
रामपुर बाघेलान,जिला सतना (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहचान बना मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल घुनवारा

नवभारत न्यूज

अमदरा 7 जून। क्षेत्र का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, घुनवारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के कारण लगातार नई पहचान बना रहा है।

विद्यालय के संचालक संजय शुक्ला के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्कूल ने शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विशेष रूप से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की मेहनत को दर्शाता है।

विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। आधुनिक शिक्षण पद्धति, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ ही विद्यालय में समय-समय पर सांस्कृतिक, खेलकूद, विज्ञान एवं सामाजिक जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों का विकास होता है।

विद्यालय के संचालक संजय शुक्ला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विद्यालय आगे भी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

क्षेत्र के अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, घुनवारा ग्रामीण अंचल में शिक्षा का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरा है और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 12वीं में 96 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सफलता विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा का प्रमाण है।